हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026

11 ग्रामीण विकास मंत्रालय की टीम ने लिया ड्रोन मैपिंग...



12 बिजली पानी की मांग को लेकर चानौत में चल रहा...



## खबर संक्षेप

### अलग-अलग मामलों में हेरोइन सहित दो दबोचे

**हिसार।** हिसार में सीआईए बरवाला टीम ने बगला मोड़ दिल्ली-सिरसा हाईवे के पास एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पीरांवाली निवासी अजय के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे 100 ग्राम 250 मिलीग्राम हेरोइन व सफेद बलेनो कार बरामद की है। सीआईए बरवाला प्रभारी पीएसआई प्रदीप ने बताया कि एएसआई सूरजमल टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिलने पर बगला मोड़ पहुंचे तो पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट में दो केस भिवानी व एक हिसार में दर्ज हैं। उधर, मंगाली चौकी पुलिस ने मंगाली आकलान से एक तस्कर को 11 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान मंगाली मोहब्बत निवासी रविन्द्र के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी पर लड़ाई-झगड़े के 3 केस दर्ज हैं।

### चरस सप्लाई नेटवर्क का मुख्य आरोपी काबू

**हांसी।** सीआईए-2 पुलिस ने चरस सप्लाई नेटवर्क से जुड़े मुख्य आरोपी बवानीखेड़ा निवासी संदीप उर्फ कन्नु को काबू कर उससे 7000 रुपये बरामद किए हैं। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि 4 मई 2026 को रोहतक रोड स्थित गढ़ी अनीपुरा मोड़ के पास पुलिस ने सोनू नामक युवक को 1 किलो 88 ग्राम चरस समेत पकड़ा था। सोनू ने खुलासा किया कि चरस का मुख्य सप्लायर संदीप उर्फ कन्नु है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## कवायद: शहर को जलभराव से बचाने के लिए प्रशासन ने कमर कसी

# 30 तक बरसाती नालों और 30 जून तक सभी जीटी की सफाई का टारगेट

**जनस्वास्थ्य विभाग, एचएसवीपी और नगर निगम जल निकासी के लिए व्यापक योजना पर कर रहे कार्य**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। एचएसवीपी, जनस्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने शहर को बरसाती सीजन में जलभराव से बचाने के लिए अपने-अपने एरिया में नालों की सफाई तथा मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

तीन विभाग 30 मई तक सभी बरसाती नालों की सफाई और 30 जून तक शहर के सभी जीटी की सफाई का कार्य पूरा करने का टारगेट तय किया है। बता दें कि पिछले दिनों ने निगमायुक्त नीरज के निर्देश पर एचएसवीपी, जनस्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में मानसून से पहले शहर से वर्षा जल की निकासी को लेकर ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया गया।

निगमायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए थे। मानसून शुरू होने से पहले सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि शहर के किसी भी हिस्से में पानी जमा न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अर्बन एस्टेट-2 में स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज का कार्य जारी



नगर निगम द्वारा अर्बन एस्टेट-2 क्षेत्र में करीब 13 किलोमीटर लंबी आंतरिक स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस परियोजना का शुभारंभ विधायक सावित्री जिंदल द्वारा किया गया था। एचएसवीपी द्वारा किए जाने वाले प्रमुख कार्यों में एयरपोर्ट चौक स्थित बरसाती डिस्पोजल पर फ्लोमीटर लगाने, उसकी ड्रेन को बरवाला चुंगी तक जनस्वास्थ्य विभाग की ड्रेनेज लाइन से जोड़ने और जल प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए सुलूस गेट स्थापित करने जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा बरवाला चुंगी से भैंस अनुसंधान केंद्र तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी ड्रेनेज की सफाई, एयरपोर्ट चौक से सेक्टर 1 से 4 तक बरसाती पाइपलाइन की सफाई तथा सेक्टर 13, 14, 16-17 और अर्बन एस्टेट क्षेत्र की सीवरेज लाइनों की सफाई भी करवाई जाएगी।

### लाहौरिया चौक से जीजेयू ड्रेन तक डालेगी 1400 एमएम की आरसीसी पाइपलाइन

जनस्वास्थ्य विभाग भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू कर रहा है। इनमें लाहौरिया चौक से ऑटो मार्केट होते हुए जीजेयू ड्रेन तक 1400 एमएम की आरसीसी पाइपलाइन डाली जाएगी, जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या का समाधान होगा। इसके साथ ही महाबीर कॉलोनी की बरसाती लाइन को पुरानी सब्जी मंडी चौक से बढ़ाकर जलेबी चौक तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों को राहत मिलेगी। निगम अन्य विभागों के साथ मिलकर संयुक्त निरीक्षण करते हुए नई बरसाती लाइनों का अनुमान तैयार करेगा। साथ ही साउथ बाइपास पर ड्रेनेज क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पाइप डाले जाएंगे।

### योजनाबद्ध तरीके से कर रहे कार्य

तीनों विभाग समन्वित व योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। 30 मई तक सभी बरसाती नालों की सफाई पूरी कर ली जाएगी और 30 जून तक शहर के सभी जीटी की सफाई का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से पूरी तरह राहत मिल सके। **-जयबीर डूडी,** एक्सईएन, नगर निगम।

### जानलेवा हमले के चार दोषियों को 5 साल कैद

**हिसार।** आदमपुर के एक युवक पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला करने के मामले में अदालत ने दोषी करार सागर, केवल, प्रदीप और अरविंद को 5-5 साल की कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार आदमपुर थाना पुलिस ने जवाहर नगर निवासी दिव्या की शिकायत पर केस दर्ज किया था। दिव्या ने शिकायत में बताया था कि उसका देवर अरुण उर्फ मिनिया 2 जून 2022 की रात को करीब 8 बजे किसी काम से भादरा फाटक के पास गया था। इसी दौरान एक सफेद रंग की गाड़ी आकर रुकी। गाड़ी से सागर, केवल और दो अन्य युवक उतरे। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने अपने चेहरे ढके हुए थे। फिर चारों ने अरुण पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी हथियारों सहित वहां से फरार हो गए। घायल अरुण को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया।

पुलिस ने दिव्या की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 506, 34 और एस.सी.-एस.टी. एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए केस में धारा 307 जोड़ दी थी।

**गुड न्यूज** | नौ करोड़ से अधिक की परियोजनाएं शुरू कर शहर को चमकाएगा निगम

# शहर में कचरा प्रबंधन के लिए दो बड़े टेंडर

**दावा : सफाई व्यवस्था सुधार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मिलेगी मजबूती**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने और वैज्ञानिक तरीके से कचरे के निस्तारण की दिशा में नगर निगम ने दो महत्वपूर्ण टेंडर जारी किए हैं। निगम प्रशासन का दावा है कि इन परियोजनाओं के लागू होने से शहर में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

नगर निगम आयुक्त नीरज ने बताया कि पहला टेंडर शहर में वर्षों से जमा लीगेसी वेस्ट के रिमेडिएशन, रिक्लेमेशन और वैज्ञानिक निस्तारण से संबंधित है। इस परियोजना के तहत पुराने कचरे को वैज्ञानिक प्रक्रिया के जरिए निष्पादित किया जाएगा। इस कार्य की अनुमानित लागत करीब 74.52 लाख रुपये तय की गई है। दूसरा और बड़ा टेंडर क्लस्टर स्तर पर ठोस कचरे की प्रोसेसिंग से जुड़ा हुआ है। इसके तहत हिसार, बरवाला, उकलाना, हांसी, नारनौंद और सिवानी क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए ई-टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8 करोड़ 92 लाख 50 हजार रुपये रखी गई है। उन्होंने बताया कि दोनों टेंडरों के लिए 25 मई तक आवेदन किए जा सकेंगे।

### शहरीकरण के साथ कचरा प्रबंधन चुनौती



निगमायुक्त नीरज ने कहा कि दोनों परियोजनाएं शहर और आसपास के क्षेत्रों में आधुनिक कचरा प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते शहरीकरण के साथ कचरा प्रबंधन बड़ी चुनौती बनता जा रहा है, ऐसे में वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से कचरे का निस्तारण बेहद जरूरी है। निगम प्रशासन का दावा है कि इन योजनाओं के लागू होने से खुले में पड़े कचरे की समस्या कम होगी, दुर्गंध और प्रदूषण पर नियंत्रण मिलेगा तथा स्वच्छ वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण जैसे अभियानों में बेहतर प्रदर्शन करने में भी सहायता मिलेगी।

## पारे में मामूली गिरावट; मगर गर्मी से राहत नहीं, आज रात आंशिक बादलवाई के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते गुरुवार को हिसार शहर के पारे में मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। बुधवार को दिन का पारा 45.4 डिग्री था जो गुरुवार को लुढ़क कर 44.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि रात पारे में बड़ा उछाल देखने को मिला है।

बुधवार को न्यूनतम पारा 27.6 डिग्री था जोकि गुरुवार को 31.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। उधर, हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार राज्य में मौसम आमतौर पर 23 मई तक परिवर्तनशील रहने व बीच बीच में हवाएं चलने की संभावना है।

### जानिए... मौसम पूर्वानुमान

22 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ने तथा राजस्थान के ऊपर साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने की संभावना है जिसके आंशिक प्रभाव से 22 मई रात्रि व 23 मई को हरियाणा में आंशिक बादलवाई रहने तथा बीच बीच में धूल भरी हवाएं चलने व कहीं कहीं गरजचमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी की भी संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है परंतु 24 मई से 27 मई के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान गर्म हवाएं चलने की संभावना से दिन का तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना बन रही है।

BRCM EDUCATION SOCIETY
Bahal-127028, Bhiwani (HARYANA)
Transforming Values with Commitment...

BRCM HIGHER EDUCATION INSTITUTIONS | ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27

BRCM COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Engineering New Vision...
Estd. 1999
Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to MDU, Rohtak
Recognized Under Section 2 (f) & 12 (B) of the UGC Act, 1956)
NAAC Accredited B+ Grade with 2.67 CGPA
NBA Accredited In B. Tech CSE & EE
PROGRAMS OFFERED
B.Tech.
- Computer Science & Engineering
- CSE (AI & ML) NEW
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
M.Tech.
- Computer Science & Engineering
- Electrical & Electronics Engineering
- Structural Engineering
For Further Information Please Contact
Ph. No. - 8059900243, 8059900247
E-Mail : infocollege@brcm.edu.in
Website : www.brcmcet.edu.in

GDC MEMORIAL COLLEGE
Your Potential - Our Passion...
Estd. 2011
Approved by Govt. of Haryana
Permanently Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani
NAAC Accredited 'B' Grade (Second Cycle)
Recognized under Sections 2(f) & 12B of the UGC Act, 1956
COURSES OFFERED
UG Courses
- B.Com. (Pass)
- B.A. (Bachelor of Arts)
- B.Sc. (Life Science/Medical)
- B.Sc. (Phy. Sci./Non-Med./Comp. Sci.)
- BPES (Phy. Edu. and Sports)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
PG Courses
- M.Sc. - Mathematics
- M.Sc. - Physics
- M.Sc. - Chemistry
- M.Sc. - Geography
- M.Sc. - Psychology
- M.A. - History
- M.Com.
For Further Information Please Contact
Ph. No. - 9992000335, 9992500750, 9991500408
E-Mail : infogdc@gdccollege.edu.in | Website : www.gdccollege.edu.in

BRCM LAW COLLEGE
Where Knowledge is for Justice...
Estd. 2018
Approved by Govt. of Haryana and Bar Council of India, New Delhi
Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani
COURSES OFFERED
- LL.B. - 3 Years Course
- B.A.LL.B. - 5 Years Integrated Course
- LL.M. - 2 Years Course
Special Features
- Moot Court Competitions
- Internship Opportunities
For Further Information Please Contact
Ph. No. - 9991500274, 9992500397
E-Mail : infolawcollege@brcm.edu.in
Website : www.brcmlawcollege.edu.in

BRCM SCHOOL EDUCATION INSTITUTIONS | ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27

BRCM PUBLIC SCHOOL
SHISHUKUNJ
CO-EDUCATIONAL SCHOOL AFFILIATED TO CBSE
JUNIOR WING
Ph. No. - 9992500733, 9992500507
E-Mail : infoshishukunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmshishukunj.com

BRCM GYANKUNJ SCHOOL
(Day-Cum-Boarding School)
CO-EDUCATIONAL SCHOOL AFFILIATED TO CBSE
SENIOR WING
Science, Commerce & Humanities
Ph. No. - 9992500855, 9992500328
E-Mail : infogyankunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmgyankunj.edu.in

SAINIK SCHOOL SOCIETY
(MINISTRY OF DEFENCE)
has approved
BRCM SAINIK SCHOOL
Ph. No. - 9992500855, 9992500328
E-Mail : infogyankunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmgyankunj.edu.in

www.brcm.edu.in | brcmgoi | brcmes | brcmes | brcmes | brcmes | vidyagram | brcmes



आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

### दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्तिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्तिक इसे च्युइं



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

### स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी


यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

### आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

### आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

### फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालूदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

बच्चो, जापान की ब्याकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

### होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,
इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय' की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *

**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ



कहानी

विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

## चमत्कारी चिप



एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्रॉइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।


तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए, और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

## बूझो तो जानें



1
फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2
फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3
ब्रोमेलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4
रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर – 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम

## जीके क्विज-206

1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




**तन्वी, महेंद्रगढ़**


आन्या, दुर्ग


ईशान, ईमेल से


दिशा, बिलासपुर



सोनम, रायपुर


रशिका, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोपी धरा

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस टीम ने रास्ता रोककर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बाड्या रांगड़ान निवासी अनिल उर्फ डुग्गु के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में आजाद नगर निवासी राजदीप ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के केस दर्ज करके जांच करते हुए सातवें आरोपी अनिल उर्फ डुग्गू को गिरफ्तार किया है। मामले में छह आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### पांच वर्ष पूर्व ड्यूटी में बाधा डालने का आरोपी पकड़ा

**हिसार।** शहर की 12 क्वार्टर पुलिस चौकी टीम ने एक भगौड़े को काबू किया है। उस पर पांच वर्ष पहले ड्यूटी में बाधा डालने का आरोप है। चौकी प्रभारी सहायक सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए भगौड़े की पहचान भगत सिंह नगर निवासी सूरज के रूप में हुई है। आरोपी ने वर्ष 2021 में अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस ड्यूटी में बाधा डाली थी। इस पर वर्ष 2021 में एचटीएम थाना में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था।

### 6 साल से फरार महिला पीओ गिरफ्तार

**आदमपुर।** आदमपुर पुलिस व साईबर सैल की टीम ने एनआईए एक्ट के एक पुराने मामले में 6 साल से फरार चल रही महिला पीओ को काबू किया है। आदमपुर पुलिस थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया शर्मा ने बताया कि साइबर सैल की मदद से एक महिला पीओ को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ी गई महिला पीओ की पहचान सदलपुर गांव निवासी के रूप में हुई है। उक्त आरोपी महिला अदालत के आदेशानुसार चैक बाउंस के मामले में पीओ घोषित थी। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### देश की अर्थव्यवस्था खतरे में : खोवाल

**हिसार।** कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल एवं स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई, कमजोर होती खपत, बेरोजगारी और गिरती आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज देश का आम नागरिक महंगे तेल, बढ़ती खाद्य कीमतों, रोजगार संकट और आर्थिक अस्थिरता से परेशान है जबकि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं से ध्यान हटाकर केवल प्रचार और विदेश दौरों में व्यस्त दिखाई दे रही है।

### जेएमसी में निःशुल्क स्किल डेवलपमेंट कोर्स उपलब्ध

**हिसार।** जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों के हितों के लिए अनूठी पहल करने जा रहा है। यहां पर एक जून से तीन स्किल डेवलपमेंट कोर्स निशुल्क करवाए जाएंगे। इसके तहत वैदिक मैथ, वेब डिजाइनिंग व डाटाबेस कोर्स करवाया जाएगा। जैन महावीर चैरिटेबल स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन तथा बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि वैदिक मैथ के अंतर्गत कैलकुलेशन की स्मार्ट ट्रिक्स, फास्ट मैथ्ड और शॉर्टकट तकनीक सिखाई जाएंगी। यह कोर्स 15 दिन का रहेगा।

### निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर 24 को

**हिसार।** रोटरी सेंट्रल एवं सीएमसी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क विशाल मेडिकल जांच कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रविवार, 24 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नव भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टिब्बा दानाशेर में आयोजित होगा। रोटरी सेंट्रल के प्रधान सुनील मलिक ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाना है।



आदमपुर। गांव चूली कलां में महापंचायत को संबोधित करते किसान नेता।

# चूली कलां में हुई किसान मजदूर महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

किसानों से जुड़े मुददों को लेकर गुरुवार को गांव चूली कलां में किसान मजदूर महापंचायत आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से कपूर सिंह बगला, सुनीता गोदारा, बन्सीलाल खोखर, रामचन्द्र बैनीवाल व भादर शर्मा ने की व संचालन सतबीर सिह धायल, रूघुबीर सिंह मणडेरना व धर्म सिंह बैनीवाल ने किया। महापंचायत के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मा. बलबीर सिंह व राजस्थान से पूर्व विधायक बलवान सिंह पूनिया व कोषाध्यक्ष दिनेश सिवाच संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार की बेरुखी के कारण तथा मल्टीपरपज घग्गर ड्रेन के तटबंध बार-बार टूटने से लाखों एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो गई थी। सरकार व प्रशासन द्वारा खेतों से पानी निकलाने के पर्याप्त प्रबंध नहीं किए।

## जनगणना का कार्य पूर्ण कर 25 तक पोर्टल पर डाटा करें अपडेट

# जनगणना का 70 फीसद कार्य हुआ पूरा

- जनगणना चार्ज अधिकारी शर्मा ने बैठक कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम में जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने और कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से मुख्य सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जनगणना चार्ज अधिकारी एवं सचिव संजय शर्मा ने की। इस बैठक में सुपरवाइजर, प्रगणक तथा संबंधित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जनगणना कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान संजय शर्मा ने सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों को नियमित रूप से जनगणना पोर्टल पर अपडेट किया जाए, ताकि कार्य की वास्तविक स्थिति का सही आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसा महत्वपूर्ण कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करे। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य के लिए नगर निगम क्षेत्र में कुल 99 सुपरवाइजर और 619 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। इनमें से अधिकांश कर्मचारी सक्रिय रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे 25 मई तक अपना कार्य पूर्ण कर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।



हिसार। बैठक को संबोधित करते जनगणना चार्ज अधिकारी संजय शर्मा।

### अधिकांश डेटा पोर्टल पर अपडेट

संजय शर्मा ने बताया कि अब तक लगभग 70 प्रतिशत जनगणना कार्य पूरा किया जा चुका है और उसका अधिकांश डेटा पोर्टल पर भी अपडेट कर दिया गया है। शेष कार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।



हांसी। प्रगणकों के साथ हाउस लिस्टिंग कार्य की वास्तविक स्थिति का अवलोकन करते तहसीलदार डॉ. अनिल बिढान। फोटो: हरिभूमि

### हाउस लिस्टिंग कार्य का निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान प्रगणकों द्वारा भरी जा रही सूचनाओं की जांच व कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की

**हांसी।** जिले में चल रही जनगणना प्रक्रिया के तहत हाउस लिस्टिंग एवं मकानों की गणना के कार्य को गति देने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान ने वीरवार को गांव भाटला, चानोट, गुराना, डाटा सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान ने घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग कार्य की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने नियुक्त प्रगणकों द्वारा भरी जा रही सूचनाओं की गहनता से जांच करते हुए कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की।

# पादर्शिता के साथ करें ग्राम पंचायत का विकास

- ग्रामीण विकास मंत्रालय की टीम ने ड्रोन मैपिंग का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ग्रामीण विकास मंत्रालय की टीम ने गुरुवार को खंड आदमपुर की ग्राम पंचायत दडोली का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों एवं ड्रोन मैपिंग गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पंचायत क्षेत्र में चल रही ड्रोन मैपिंग प्रक्रिया का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण दल में किरण पांडे, एम. गौरी शंकर तथा एस के जुल्फिकार हुसैन शामिल रहे। जिला स्तर पर यह पहला पायलट ड्रोन मैपिंग प्रोजेक्ट है, जिसके माध्यम से पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी और मूल्यांकन को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि वीबीजीरामजी योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य शुरू होने से पहले, कार्य के दौरान तथा कार्य पूर्ण होने के बाद ड्रोन मैपिंग करवाई जाएगी। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी तथा कार्यों की गुणवत्ता की बेहतर निगरानी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी और आमजन को इसका सीधा लाभ मिलेगा। जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।



हिसार। निरीक्षण करती ग्रामीण विकास मंत्रालय की टीम। फोटो: हरिभूमि

### नगराधीश ने लघु सचिवालय परिसर

**हिसार।** नगराधीश सुभाष चंद्र ने गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का दौरा कर कार्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण, पेयजल व्यवस्था तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। नगराधीश ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों की साफ-सफाई केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि प्रशासन की कार्यशैली और जिम्मेदारी को दर्शाती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिसर में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की गंदगी या अव्यवस्था पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान नगराधीश ने कई विभागों में रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को फाइलों एवं दस्तावेजों को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए।

### किसान-मजदूर महापंचायत 24 को

- महापंचायत को लेकर चलाया जनसपंर्क अभियान

**हिसार।** किसान सभा के जत्थे ने 24 मई को गांव दहिमा में होने वाली किसान-मजदूर महापंचायत को लेकर दाहिमा के सरपंच राजकुमार व शमशेर नंबरदार के नेतृत्व में गांव नलवा, कंवारी, बालावास, गुंजार, भोजराज व दाहिमा में जनसंपर्क अभियान चलाया। दोनों किसान नेताओं ने बताया कि पिछले साल मल्टीपरपज ड्रेन व घग्गर नदी की वजह से लाखों एकड़ फसल बर्बाद हो गई। किसानों की दो-दो फसल खत्म होने के बावजूद भी सरकार ने अभी तक उचित बीमा व मुआवजा का कोई प्रबंध नहीं किया और ना ही क्षतिग्रस्त मकानों व ट्यूबवेल का कोई मुआवजा दिया गया। जत्थे में सुशील कौशिक सरपंच नलवा, सुरेंद्र गढ़वाल, वजीर पूनिया, सतपाल शर्मा, रमेश मिरका, कमला किसान नेत्री, सुरेंद्र मान, अभय सिंह फौजी, भीम दाहिमा, भीम नलवा, राजकुमार ठोलेदार, सतबीर दाहिमा, रामकुमार दाहिमा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### खेड़ी जालब कन्या स्कूल की मेघावी छात्राएं सम्मानित

**नारनौंद।** राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय खेड़ी जालब का कक्षा दसवीं और 12वीं का परिणाम शत- प्रतिशत रहा। गुरुवार स्कूल के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर मेघावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और पूरे गांव में जागरूकता रैली निकालकर सरकारी स्कूल में ज्यादा से ज्यादा दाखिले करवाने का संदेश भी दिया। स्कूल के प्रिंसिपल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि कक्षा 12 वीं मे कुल 50 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमे से 29 छात्राओं ने बोर्ड मेरीट तथा 19 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 95 प्रतिशत से ज्यादा 3 छात्राओं ने तथा 90-95 तक 5 छात्राओं ने अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में छात्रा मनु ने 500 में से 489 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### स्केचिंग में सुहानी व रमन गांधी बने विजेता

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच के तत्वावधान में सीए की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में अपनी प्रतिभा व कुशलता दिखाते हुए सुहानी ने प्रथम व रमन गांधी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। हिसार के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता के दौरान एनआईसीएएसए चेयरमैन सीए प्रतीक आर्य, कॉर्डिनेटर प्रियांशी मित्तल व इशप्रीत कौर ने विशेष भूमिका निभाई। इनके साथ ही एनआईसीएएसए के वाइस चेयरमैन सारांश गोयल, सचिव प्रणाम गोयल व कोषाध्यक्ष शुभम ने भी अपनी-अपनी भूमिका निभाई।



### आंखों की नियमित जांच जरूरी : प्रो. काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि आंखें मानव शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, मोबाइल और कंप्यूटर के अधिक उपयोग, अनियमित जीवन शैली तथा स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही के कारण आंखों के रोगों में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में नेत्र जांच शिविर लोगों को समय रहते आंखों की समस्याओं की पहचान और उपचार का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं।



### कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम को अभियान चलेगा

**हिसार।** बेटी-बचाओ,बेटी-पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, मलेरिया-डेंगू और टीबी की रोकथाम ,बचाव और जागरूकता को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पंचायतों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर सीएचसी सीसवाल के अंतर्गत सभी 45 गांवों में अभियान चलाएंगे। अभियान की शुरुआत और रूपरेखा बनाने को लेकर सीएचसी सीसवाल के प्रभारी डॉ. विकास चहल और हैल्थ इंस्पैक्टर नूर मोहमद की संयुक्त अध्यक्षता में सीएचसी में मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में डॉ. विकास चहल व हैल्थ इंस्पैक्टर नूर मोहमद ने बताया कि जिस गांव का लिंगानुपात कम है, वहां पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी संबंधित गांव के पंचायत प्रतिनिधियों, धार्मिक नेताओं और मौजिज लोगों के साथ मीटिंग आयोजित करेंगे और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए जागरूक करेंगे।

### बीईओ ने छात्र नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर

**हिसार।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राकेश चराया ने की। बैठक में खंड के सभी संकुल मुखिया, बीआरपी एवं एबीआरसी ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला एफएलएन नोडल प्रमोद मोर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में हरियाणा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं विद्यालयों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा खंड एफएलएन नोडल डॉ. शिल्पा काम्बोज द्वारा विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। बैठक के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी राकेश चराया ने सभी हितधारकों को निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया तथा छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही एलएलएफ प्रतिनिधि कमरूद्दीन एवं राजूलाल ने एचआईटीएस कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# डायनासोर पार्क में हवन के साथ की योग क्रियाएं



हिसार। हवन के संग योगाभ्यास करते साधक। फोटो: हरिभूमि

- रबड़ नेती व लोटा नेती के अभ्यास से साधकों को मिला स्वास्थ्य लाभ का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

स्वामी रामदेव महाराज की प्रेरणा से पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे योग जन-जागरण अभियान के अंतर्गत डायनासोर पार्क, सेक्टर-4 हिसार में आयोजित 5 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर के दूसरे दिन भी योग साधकों में भारी उत्साह, ऊर्जा एवं अनुशासन देखने को मिला। प्रातःकालीन योग सत्र में सैकड़ों महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों ने योग, प्राणायाम एवं योगिक क्रियाओं का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### गुजवि में रोजगारपरक कोर्स उपलब्ध

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नया दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा प्रॉस्पेक्टस आगामी सप्ताह जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) तथा ऑनलाइन मोड में संचालित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय एनएएसी द्वारा ए-प्लस ग्रेड से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित राज्य विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, तकनीक आधारित एवं किफायती उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाया गया है।

# कमर्शियल लोडिंग गाड़ियों पर टैक्स के विरोध में हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस द्वारा दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में गुरुवार से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी गई है। इसको लेकर हिसार में अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष व ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी हरियाणा दीपक सोनी ने बैठक की और चक्का जाम करने की रणनीति बनाई गई। प्रस्तावित हड़ताल को लेकर बैठक की गई जिसमें बड़ी संख्या में परिवहन से जुड़े लोगों एवं विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधि ने भाग लिया तथा आगामी आंदोलन एवं तीन दिवसीय चक्का जाम के कार्यक्रम को लेकर पूर्ण समर्थन एवं एकजुटता व्यक्त की। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी दीपक सोनी ने बताया कि बैठक में एकजुटता से सरकार से मांग करते हुए कहा कि पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क और ग्रीन टैक्स में की गई बढ़ोतरी तुरंत वापस ली जाए। प्रदूषण मुक्त बीएस 6 वाहनों को इन टैक्सों से पूरी तरह मुक्त किया जाए। बीएस 6 वाहनों पर लगाई जा रहे प्रस्तावित प्रतिबंधों पर पुनर्विचार किया जाए।

### यह है आरोप

ट्रांसपोर्ट हड़ताल से दिल्ली एनसीआर की पूरी सप्लाई चैन राशन, दवाइयां, फल सब्जियां, और औद्योगिक कच्चा माल ट्रैकों पर निर्भर है। यदि चक्का जाम होता है तो व्यापार और आम जनता की दैनिक जरूरत पर बुरी तरह प्रभावित होगी। जिला अध्यक्ष के अनुसार सरकार ने एक तरफ आधुनिक तकनीक अपनाने को कहती है और दूसरी तरफ उन्हें वाहनों पर अतिरिक्त टैक्स का बोझ डाल रही है। ट्रांसपोर्ट संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर तीन दिन तक दिल्ली एनसीआर में पूरा चक्का जाम करने का बड़ा फैसला लिया है।

### साइबर ठगी के 73,000 रुपये दिलवाए वापस

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रॉड के 73,000 रुपए होल्ड करवाकर शिकायतकर्ता के खाते में वापस करवाने में सफलता हासिल की है। सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि सैनीपुरा निवासी राजेश कुमार निवासी ने साइबर थाना में शिकायत दी थी। 25 अप्रैल को ड्यूटी के दौरान अचानक उसका मोबाइल फोन गर्म होकर बंद हो गया और स्क्रीन ब्लैक हो गई। और काफी प्रयास के बाद भी उसका फोन ऑन नहीं हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके पेटीएम खाते से 10,000-10,000 की दो ट्रांजैक्शन तथा 73,000 की एक अन्य ट्रांजैक्शन हो चुकी थी। इस तरह अज्ञात साइबर ठग ने फोन हैक कर 93,000 रुपए की धोखाधड़ी की थी।

# तिरुपति धाम में संत रामानुज स्वामी की निकाली सवारी शोभा यात्रा

- तिरुपति धाम में सवारी शोभा यात्रा निकालकर संत रामानुज स्वामी के प्रति जताई आस्था

**हिसार।** आध्यात्मिक सरोकारों से जुड़े तिरुपति बालाजी धाम में संत रामानुज स्वामी की पूजा-अर्चना करने के उपरांत सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। रथ में स्थापित पालकी में रामानुज स्वामी के विग्रह को शोभायमान करके पूरी निष्ठा से आराधना की गई। इसके उपरांत रथ को रस्सों से खींचकर श्रद्धालुओं ने तिरुपति धाम की परिक्रमा की और रामानुज स्वामी के प्रति आस्था जताई। श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण भी किया गया। सवारी शोभा यात्रा के दौरान पूरा धाम जय श्रीमन्ननारायण व रामानुज स्वामी जय के उदघोष से गूंज उठा। संत रामानुज स्वामी भगवान विष्णु के अनन्य उपासक रहे हैं। रामानुजाचार्य के रूप में प्रसिद्ध रामानुज स्वामी ने लोकजागरण का आधार भक्ति को ही मान्य किया और भक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक प्रयास किए। ज्ञान व भक्ति की गंगा बहाते हुए हिन्दू संस्कृति का पुनरुत्थान तथा सामाजिक जागरण का महान कार्य किया।



हिसार। तिरुपति धाम में रामानुज स्वामी की सवारी शोभा यात्रा में पूजा करते अर्चक।



सांसद जयप्रकाश को ज्ञापन सौंपते शिष्टमंडल के सदस्य।

### हिसार से अमृतसर के बीच ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग

**हिसार।** हिसार से अमृतसर के बीच नई इंटरसिटी ट्रेन सेवा शुरू करवाने की मांग को लेकर शिष्टमंडल ने सांसद जयप्रकाश से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी शिवम सोनी, दिनेश विज, सुमित, जगमाल व इंद्रजीत ने ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया कि हिसार-अमृतसर रेलखंड पर रेल सेवाएं अपर्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि हिसार एक प्रमुख शैक्षणिक, औद्योगिक व कृषि केंद्र है। इसी तरह अमृतसर देश का एक प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल है। इसलिए हिसार से लुधियाना-जाखल मार्ग से होते हुए सैकड़ों यात्री प्रतिदिन अमृतसर पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप

### पवन सरदाना बने पीआरओ इन चीफ



**हिसार।** हिसार निवासी लायन पवन सरदाना को लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 321-ए3 का पीआरओ इन चीफ नियुक्त किया गया है। नोएडा में हुई डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गांधी ने लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 के लिए लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा के वरिष्ठ सदस्य लायन पवन सरदाना को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए पीआरओ इन चीफ बनाया है। इससे पहले भी लायन पवन सरदाना लायंस क्लब के अनेक पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे क्लब प्रधान, जोन चेयरमैन, रीजन चेयरमैन, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर व डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरार के पदों पर काफी समय से लायन क्लब को अपना सहयोग दे रहे हैं।

### सुन्दर कांड व भजन संध्या 23 को, करुणागिरी आएंगी

**हिसार।** हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान, ऋषि नगर में 23 मई को सिल्वर जुबली हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुन्दर कांड का पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी कश्मीर भयाना ने बताया कि सायं 6 बजे से रात 10 बजे तक श्रीश्री 1008 संत शिरोमणि साध्वी करुणागिरी महाराज (हरिद्वार) के सानिध्य में हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान के सेवादारों द्वारा संगीतमयी सुन्दर कांड का पाठ किया जाएगा। पाठ के बाद भजनों की वर्षा की जाएगी। अनेक भजन गायक बालाजी का गुणगान करेंगे। समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### जैन गर्ल्स स्कूल में बाल संस्कार शिविर

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा आयोजित बाल संस्कार शिविर का दूसरा दिन उत्साह एवं प्रेरणा से भरपूर रहा। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर रसिका लोहिया उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच, संस्कार एवं विचारों की शुद्धता के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को इस्कॉन अर्थात अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों से हरे कृष्णा, हरे राम का उच्चारण करवाकर उनमें विशेष ऊर्जा का संचार किया, जिससे बच्चों के आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

### श्रवण एवं वाणी निशक्त केंद्र में नेत्र व दंत जांच शिविर

**हिसार।** श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में निशुल्क आंख एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सौरभ पब्लिक हेल्थ एवं सेवक सभा हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। शिविर में लगभग 250 विद्यार्थियों के आंखों एवं दांतों की निःशुल्क जांच की गई। साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के सहायक निदेशक अमित चौधरी ने की। शिविर में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. रोहित सिंघल, डॉ. शिखा सिंघल तथा डॉ. नम्रता अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

### पीएलए स्थित सेकेंडरी प्वाइंट पर करवाई सफाई

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने पीएलए कम्युनिटी सेंटर और नगर निगम के कचरा कलेक्शन प्वाइंट के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया। एसआई कपिल और एएसआई प्रवीण की देखरेख में कर्मचारियों ने क्षेत्र में कचरे को उठवाकर आसपास की सफाई करवाई। एसआई कपिल ने बताया कि निगमायुक्त और उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार इन प्वाइंटों की नियमित सफाई करवाई जा रही है और लगातार निगरानी भी रखी जा रही है।

## बिजली पानी की मांग को लेकर चानौत में चल आंदोलन तेज

# आज एक घंटे का सांकेतिक रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

बरवाला रोड़ स्थित गांव चानौत में पानी और बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। गुरुवार को धरना छठे दिन भी जारी रहा, जहां बढ़ते पारे के बावजूद काफी बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क किनारे बैठकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर डटे हुए हैं।

ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि राजली नहर से हांसी शहर को जाने वाली पाइपलाइन में चानौत गांव को भी स्थायी पानी का कनेक्शन दिया जाए, ताकि गांव में पेयजल संकट का समाधान हो सके। इसके साथ ही गांव में बिजली सप्लाई के लिए 42 साल पहले लगाई गई बिजली की तार को बदलने की मांग की जा रही है ताकि जर्जर तारों की वजह से बार बार होने वाले फाल्ट से निजात मिल सके और ग्रामीणों को गर्मी के इस मौसम में निर्बाध बिजली सप्लाई मिल सके।



हांसी। बिजली-पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद। *फोटो : हरिभूमि*

धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि चानौत गांव लंबे समय से पानी और बिजली की समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन सरकार या प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गांव को पाइपलाइन से पानी का कनेक्शन नहीं मिलता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### ग्रामीणों की मांगें जायज : राजेंद्र सोरखी

वहीं धरने को समर्थन देने पहुंचे आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने ग्रामीणों की मांगों को पूरी तरह जायज बताते हुए कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। धरना स्थल पर गांव की कमेटी ने शुक्रवार, 22 मई को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक सांकेतिक रोड़ जाम करने की घोषणा की। ग्रामीणों ने कहा कि यह रोड़ जाम प्रशासन को चेताने के लिए किया जाएगा और यदि इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इसी दौरान सदर थाना एसएचओ भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को समझने का प्रयास किया। हालांकि गांव की कमेटी ने साफ शब्दों में कहा कि पहले गांव को पाइपलाइन में कनेक्शन दिया जाए, उसके बाद ही किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत संभव होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 मई तक उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 25 मई को बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार उस दिन विभिन्न किसान संगठन, खाप पंचायतें और सामाजिक संगठन चानौत गांव पहुंचेंगे तथा राजली से हांसी शहर को जाने वाली पाइपलाइन में स्वयं कनेक्शन करने की कार्रवाई करेंगे।

## जेवरात ठगने वाले गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिलाओं को बहला-फुसलाकर, बातों में उलझाकर, सम्मोहित करके या कोई नशीला पदार्थ सुघांकर उनके सोने-चांदी के आभूषण ठगने वाले अंतर जिला गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके एक अन्य सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उक्त गैंग के सदस्य विशेष रूप से महिलाओं को अपना निशाना बनाते थे और उन्हें विभिन्न प्रकार की बातों में उलझाकर या झांसा देकर उनके कीमती जेवरात व पैसे लेकर फरार हो जाते थे। गैंग के खिलाफ हिसार सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस प्रकार की दर्जनों मामले दर्ज हैं।

सिविल लाइन थाना प्रभारी पीएसआई कर्मजीत ने बताया कि इस संबंध में 23 दिसंबर 2025 को हिसार की महिला शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार वह अपने घर से कोई समान लेने के लिए राजगुरु मार्किट में आने के लिए एक आटो में बैठी थी। फव्वारा चौक से उस आटो में एक महिला व दो नौजवान लड़के बैठ गए और कुछ समय के बाद एक रुमाल लेकर उसके मुंह के पास किया तो उसे चक्कर आने लगे। लक्ष्मीबाई चौक पर उन्होने आटो रुकवा लिया और तीनों उसे मधुबन पार्क में ले गए। वहां उसके पहने हुए जेवरात उतारकर व 30 हजार रुपये निकालकर ले गए। मामले की जांच के दौरान आरोपी गौरव व एक महिला को पहले से गिरफ्तार कर जेवरात व पैसे बरामद किये जा चुके हैं।

### निर्माणाधीन विकास कार्यों तथा साफ सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

# नाले में लोगों ने किए शौचालय के कनेक्शन, डीसी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

उपायुक्त राहुल नरवाल ने गुरुवार दोपहर को शहर का दौरा कर निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं, सफाई व्यवस्था तथा जल निकासी से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने, शहर में साफ-सफाई अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से चलाने तथा आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शहर में चल रही विभिन्न निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



हांसी। शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते डीसी राहुल नरवाल। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त राहुल नरवाल ने शहर में चल रहे साफ-सफाई अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को ओर अधिक दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सफाई कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने उपायुक्त को बताया कि इस नाले में कुछ लोगों द्वारा शौचालय के भी कनेक्शन किए गए हैं, जिससे गंदगी फैलने और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे लोगों को तुरंत नोटिस जारी करने तथा अवैध शौचालय कनेक्शन तत्काल प्रभाव से हटवाने के निर्देश दिए। सीएमजीजीए प्रतीक्षा सांगवान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## सेक्टर 33 के कुछ हिस्सों में सप्लाई में आ रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के सेक्टर 33 के कुछ हिस्सों में पिछले कई दिनों से वाटर सप्लाई में दूषित पानी आ रहा है। इससे सेक्टरवासी परेशान है। अधिकारियों को भी इस बारे अवगत करवाया जा चुका है लेकिन उन्होंने अभी तक इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। सेक्टर 33 रेजिडेंटर वेल्फेयर सोसायटी के सचिव बलविंदर सिंह ने बताया कि सेक्टर के जी ब्लॉक में पिछले कई दिनों से दूषित पेयजल सप्लाई की समस्या बनी हुई है। ध्यान दिलवाए जाने के बावजूद अधिकारियों ने व्यवस्था सुधार की तरफ ध्यान नहीं दिया है। दूषित पानी की वजह से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है। सोसायटी ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान करवाया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। इसके साथ ही सेक्टरवासियों से भी अपील की गई है कि एहतियात के तौर पर पानी को उबालकर तथा फिल्टर करके ही प्रयोग करें ताकि बीमारियों से बचा जा सकें।



## घर पर हमला, तोड़फोड़ करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने घर पर ईंट-पत्थर फेंककर हमला करने, तोड़फोड़ करने, चोट पहुंचाने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गर्वनमेंट कॉलोनी निवासी विक्रम के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ईशवर सिंह ने बताया कि इस संबंध में कॉलोनी के ही रामअवतार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार दो दिन पूर्व मध्य रात्रि वह अपने परिवार सहित घर पर मौजूद था। इसी दौरान आरोपी विक्रम अपने 10-15 साथियों के साथ मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उसके घर के बाहर आया और गाली-गलौच करते हुए घर पर ईंट-पत्थर फेंकने लगा। शिकायतकर्ता के अनुसार हमले के दौरान उसे पत्थर लगने से चोट भी आई तथा घर के दरवाजों और अन्य सामान को नुकसान पहुंचा। आरोपी व उसके साथियों ने जाते समय परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार में भय और दहशत का माहौल बन गया। शिकायत पर केस दर्ज करके जांच करते हुए पीएसआई संदीप ने मुकदमे में नामजद आरोपी विक्रम को कैंची चौक क्षेत्र से काबू कर लिया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।



## टक्कर के बाद डिवाइडर पर चढ़ी कई गाड़ियां

**हिसार।** शहर के बस स्टैंड व तलाकी गेट के बीच हुए सड़क हादसे में दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में एक फोर्ड एंडेवर गाड़ी भी शामिल रही। बताया जा रहा है कि पीछे से दमकल विभाग की छोटी गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे गाड़ियों का संतुलन बिगड़ गया और फॉर्च्यूनर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक पीछे से जोरदार टक्कर लगने के कारण एंडेवर और दूसरी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा इतना तेज था कि एक गाड़ी डिवाइडर पर जा चढ़ी। राहत की बात यह रही कि गाड़ियों में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और किसी को चोट नहीं आई। हादसे के बाद बस स्टैंड के पास सड़क पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और जाम खुलवाया।



### मतदाता सूची का 15 जून से पुनरीक्षण होगा

**हांसी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला हांसी में 1 जुलाई 2026 को आधार तिथि मानकर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, एसआईआर, किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप एसआईआर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण का प्रशिक्षण 5 से 14 जून तक करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा। डीसी ने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर पुनरीक्षण कार्य करेंगे। 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया जाएगा।

### जिला ताइक्वांडो टीम का चयन कल

**हिसार।** तीसरी हरियाणा स्टेट यूथ व सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लड़कियों व लड़कों की टीम का चयन 23 मई को मिलगेट स्थित राइजिंग स्टार ताइक्वांडो अकेडमी में किया जाएगा। सचिव सुरेश गिल व अध्यक्ष एडवोकेट नीरज वर्मा व सचिव सुरेश गिल ने बताया कि इस ट्रायल में यूथ व सीनियर वर्ग के लड़के और लड़कियों का चयन किया जाएगा। यूथ कैटेगरी के लिए लड़के में व लड़कियों की आयु सीमा 1 जनवरी 2009 से 31 दिसंबर 2010 के बीच में होना चाहिए और इस कैटेगरी में लड़कों के भार वर्ग इस प्रकार रहेंगे 48, 55, 63, 73 और 73 प्लस के भार वर्ग में चयन किया जाएगा। वही लड़कियों में 44, 49, 55,63 ,63से अधिक भार वर्ग में लड़कियों का चयन किया जाएगा।

## मुकलान में खुशी की लहर
## हिसार के विजय कुमार जाखड़ आईपीएस प्रमोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा पुलिस विभाग और हिसार जिले के लिए गौरव की खबर है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रमोशन सूची में हिसार जिले के गांव मुकलान निवासी विजय कुमार जाखड़ को आईपीएस पद पर प्रमोट किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग की मंजूरी के बाद उन्हें हरियाणा पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा कैडर में शामिल किया गया है। आईपीएस प्रमोशन के बाद फिलहाल वे इसी जिम्मेदारी को आईपीएस अधिकारी के तौर पर संभालेंगे। खबर मिलते ही गांव सहित पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई।



## 7.88 करोड़ की जल निकासी परियोजना शुरू, आठ गांवों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बरवाला विधानसभा क्षेत्र के सुलखनी और राजली गांव में गुरुवार को करोड़ों रुपये की पाइपलाइन एवं जलनिकासी परियोजना के कार्यों का शुभारंभ हो गया है। बरसात के दौरान इन गांवों में जलभराव के गंभीर हालात बन जाते थे, लेकिन अब इस परियोजना से जल निकासी के स्थायी प्रबंध किए गए हैं। इससे ग्रामीणों और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। परियोजना के तहत सुलखनी गांव में 3.93 करोड़ रुपये तथा राजली में 3.95 करोड़ रुपये की लागत से कार्य होगा। दोनों योजनाओं की कुल अनुमानित लागत 7.88 करोड़ रुपये है। युवा भाजपा नेता संजीव गंगवा तथा बरवाला मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि जल निकासी व्यवस्था मजबूत होने से फसल उत्पादन बढ़ेगा तथा मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मोनू संदूजा मंडल अध्यक्ष, एसडीओ वीरेंद्र ढांडा, जेई विकास कुमार, मुकेश शर्मा सुलखनी, विनोद गिल राजली, अमित सरपंच सुलखनी, मोनू सरपंच बुगाना, वजीर सरपंच प्रतिनिधि राजली, पुरुषोत्तम चाहर, रवीश चहल राजली, बलजीत सांगा, विनोद बंसल, रमेश सरपंच राजली आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

